न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील, सूरजगढ़, जिला झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारी ::: स्वाति(तहसीलदार)

मिसल नं. ::: 15 / 2023

सरकार बनाम् पवन पुत्र सुरताराम, जाति–धानक, निवासी–कुलोठ कलां

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के अन्तर्गत

निर्णय दिनांक : 30.01.2022

निर्णय

पत्रावली पेश हुई। गैर सायल बावजूद सूचना अनुपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया
गया। इस प्रकरण में संक्षेप में मामला इस प्रकार से है कि गैर सायल पवन पुत्र सुरताराम,
जाति–धानक, निवासी–कुलोठ कलां, द्वारा रोही मौजा कुलोठ कलां की भूमि ख.नं. 392 के कुल
रकबा 2.15 है0 किस्म गै.मु. जोहड़ में से रकबा 0.02 है0 पर मकान व बाड़ा बनाकर अतिक्रमण
करने की रिपोर्ट हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत की गई। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के
आधार पर प्रकरण को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत दर्ज
रजिस्टर किया गया। गैर सायल को नोटिस जारी किया गया। गैर सायल बावजूद सूचना
अनुपस्थित। गैर सायल के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है। अतः रिपोर्ट
पटवारी हल्का को सही मानते हुए गैर सायल को उपरोक्त विवादित भूमि का अतिचारी घोषित
किया जाकर उसके विरूद्ध बेदंखल करने के आदेश दिये जाते है। आर्थिक दण्ड स्वरूप सरह
लगान का 50 गुणा तावान 6 रू. कायम किया जाता है।

तहसील राजस्व लेखाकार के अभिलेख में तावान राशि की कायमी करवाई जावें।
पटवारी / गिरदावर हल्का को तावान वसूली एवं मौका बेंदखली हेतु लिखा जावें । मिसल
फैसल शुमार होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 30.01.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(स्वाति)
तहसीलदार, सूरजगढ़

रा० ले० स० 4 के पृष्ठ सं....26..........पर
वर्ष 21-22.....में रुपये..6/-... कायम किए
राजस्व लेखाकार